दयानन्द महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स की कैडेट नीशु को मिला बेस्ट कैडेट अवॉर्ड

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 4 मई : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कैडेट नीशु का शैक्षणिक सत्र 2023 के लिए बेस्ट कैडेट के लिए चयन हुआ। यह प्रतियोगिता एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर रोहतक की ओर से हाँसी में आयोजित की गई। इसमें ग्रुप हेड क्वार्टर रोहतक के अंतर्गत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स के सभी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इसमें सीनियर अंडर ऑफिसर नीशु ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीनियर विंग में बेस्ट कैडेट का अवॉर्ड हासिल किया और उसे ग्रुप हेड क्वार्टर रोहतक द्वारा 4500 रूपये की राशि प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने निशु को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य ने सीटीओ प्रो. मंजू शर्मा, 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के अधिकारियों व अभिभावक को भी बधाई दी और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।